भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.06.2024

## आरेडिका में 21 जून को भव्य योग दिवस का आयोजन

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के गोमती क्रीडांगन में विशाल योग शिविर का आयोजन दिनांक– 21.06.2025 को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में होने जा रहा है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 का विषय **"एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग"** है। जिसमें सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ रखने का भाव निहित है।

इस भाव को बढाने के लिए आरेडिका प्रशासन द्वारा लगातार निम्न प्रयास किये जा रहे हैं। डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ियों पर जिंगल बजाकर लोगों को योग के लिए प्रोत्साहित किया। सेण्ट्रल पार्क में ऑडियो तथा शॉपिंग कॉम्पलेक्स, गोल्फ कोर्स, टाउनशिप के गेट पर योग से संबंधित में वीडियो जनजागरुकता हेतु चलाए जा रहे हैं। जिससे लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।

आरेडिका के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रिण्ट मीडिया तथा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे– फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, स्क्रीन डिस्पिले, बैनर, आदि के माध्यम से लोगों को योग के साथ जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हर साल 21 जून को 45 मिनट की अवधि के लिए कॉमन योग प्रोटोकॉल पर आधारित एक संरचित सामूहिक योग सत्र स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक संस्थानों, हाउसिंग सोसाइटियों, ग्राम पंचायतों, खेल स्टेडियम, व्यावसायिक फर्मों, कॉर्पोरेट कंपनियों, सांस्कृतिक संगठनों आदि में व्यापक सार्वजनिक भागीदारी के साथ आयोजित किया जाता है। आरेडिका के 10 स्थलों गोमती क्रीडांगन, ऑफिसर क्लब, पर्यवेक्षक क्लब, योगाशेड, वर्क्स क्लब, अस्पताल, आदि जगहों पर योग कार्यक्रम किए जाएंगे।

आरेडिका के समस्त रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों में कल सुबह योग शिविर में भाग लेने के लिए उत्साह की लहर है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आरेडिका के विभिन्न विभाग अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं।

20.6.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी